भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 324
बुधवार, 22 जुलाई, 2026 (31 आषाढ़ 1948 (शक)) को उत्तरार्थ

सहकारी संस्थाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा डिजिटल प्लेटफॉर्मों का संवर्धन

324 **श्री सतनाम सिंह संधू:**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सहकारी संस्थाओं तथा शैक्षणिक प्रणालियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं डिजिटल प्लेटफॉर्मों को बढ़ावा दिया जा रहा है;

(ख) पंजाब में प्रौद्योगिकी संचालित शिक्षण पद्धति तथा अधिगम प्लेटफॉर्मों को एकीकृत करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) क्या शिक्षकों तथा सहकारी क्षेत्र के पेशेवरों के लिए की क्षमता निर्माण संबंधी कार्यक्रमों को समर्थन प्रदान किया जा रहा है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) और (ख): जी हां, मान्यवर । अकादमिक, प्रशिक्षण और संस्थागत पहलों के माध्यम से सभी सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों में एआई और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उत्तरोत्तर संवर्धन हो रहा है । सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों जैसे पंजाब में आरआईसीएम, चंडीगढ़ द्वारा प्रौद्योगिकी-चालित शिक्षणशास्त्र और लर्निंग प्लेटफार्मों को अपनाया जा रहा है । इन उपायों में इंटरएक्टिव डिजिटल बोर्ड, प्रोजेक्टरों और आईसीटी-सक्षम शिक्षण उपकरणों के साथ स्मार्ट कक्षाओं का प्रयोग; ई-कंटेंट, ऑनलाइन कक्षाओं और लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) के माध्यम से मिश्रित अधिगम अपनाना; तथा आईसीटी उपकरणों और डिजिटल शिक्षणशास्त्र में संकाय का प्रशिक्षण शामिल हैं । डिजिटल अधिगम पहलों की प्रभावी उपयोग के लिए आवधिक समीक्षा भी की जाती है ।

(ग): जी हां, मान्यवर । संकाय विकास कार्यक्रमों (एफडीपी), पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, वेबिनारों और अन्य पेशेवर विकास कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षकों और सहकारी पेशेवरों की क्षमता निर्माण हेतु सहायता प्रदान की जा रही है । इन कार्यक्रमों में सहकारी प्रबंधन, बैंकिंग और वित्त, शासन, डिजिटल बैंकिंग, डिजिटल रूपांतरण और सहकारी सेक्टर के अन्य उभरते क्षेत्रों को शामिल किया गया है ।

******